हरिभूमि
सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 15 सितंबर 2026

06 सार्वजनिक स्थानों समेत घरों में विराजे गजानन ...



07 फर्म के खातों में हेराफेरी व कूटरचना कर लाखों की...



खबर संक्षेप

अब एसडीओपी शर्मा का तबादला, गोयल आए



सीहोर। पुलिस महकमे में बीते चार-पांच महीनों से लगातार फेरबदल और तबादलों का दौर जारी है। इसी क्रम में रविवार रात जारी हुई प्रदेश स्तरीय तबादला सूची में सीहोर एसडीओपी का भी स्थानांतरण कर दिया गया है। सीहोर में पदस्थ एसडीओपी पूजा शर्मा का तबादला सागर जिले के रहली कर दिया गया है, वहीं उनके स्थान पर श्योपुर में पदस्थ उप पुलिस अधीक्षक प्रेमनारायण गोयल को सीहोर एसडीओपी की नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिले में पुलिस अधिकारियों के फेरबदल की शुरुआत करीब 4.5 महीने पहले पुलिस कप्तान; एसपी के बदलाव से हुई थी। तत्कालीन एसपी दीपक कुमार शुक्ला के स्थान पर आईपीएस अधिकारी सोनाक्षी सक्सेना ने सीहोर एसपी के रूप में पदभार ग्रहण किया था। सीहोर पुलिस के इतिहास में यह पहला मौका है जब किसी महिला आईपीएस अधिकारी ने जिले में पुलिस अधीक्षक पद की कमान संभाली है। पुलिस अधीक्षक सोनाक्षी सक्सेना के आगमन के बाद तत्कालीन एएसपी सुनीता रावत का तबादला होने के बाद विदिशा से डॉ. प्रशांत चौबे को सीहोर का नया एएसपी बनाया गया। इधर कोतवाली थाना प्रभारी रवीन्द्र यादव को आष्टा भेजा गया, जबकि गिरीश दुबे को एक बार फिर कोतवाली टीआई की जिम्मेदारी सौंपी गई।

दिव्यांगों को बस किराये में 50 प्रतिशत छूट

सीहोर। राज्य शासन ने प्रदेश की सभी प्रक्रम बस सेवाओं में दिव्यांग व्यक्तियों को 50 प्रतिशत छूट देने के निर्देश दिये हैं। दिव्यांग व्यक्ति को यूडीआईडी कार्ड दिखाने पर यह छूट मिल जायेगी।परिवहन आयुक्त द्वारा सभी क्षेत्रीय, अतिरिक्त क्षेत्रीय एवं जिला परिवहन अधिकारी को निर्देश दिये गये हैं। दिव्यांग व्यक्ति को दिव्यांगजन सक्षम प्राधिकारी के प्रमाण-पत्र के रूप में केन्द्र या राज्य शासन द्वारा जारी यूनीक डिसऐबिलिटीज आई.डी. कार्ड प्रस्तुत करने पर किराये में 50 प्रतिशत छूट का लाभ दें।केन्द्रीय दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा यूनीक आई.डी. फॉर पर्सन विद डिसऐबिलिटीज (यूडीआईडी) प्रोजेक्ट चलाया जा रहा है। इसमें दिव्यांगों को यूडीआईडी कार्ड दिये जा रहे हैं। कार्ड के माध्यम से दिव्यांग केन्द्र एवं राज्य शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं।

आकर्षक पंडालों में विराजे बप्पा, इस बार 10 नहीं बल्कि 12 दिनों तक चलेगा पर्व

गणेशोत्सव का भव्य आगाज, चिंतामन गणेश मंदिर में हर रोज होगा बप्पा का विशेष श्रृंगार

सुबह से लेकर देर शाम तक शहर सहित अंचलों की सडक़ों पर गूंजते रहे गणपति बप्पा मौरया के जयघोष



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिला मुख्यालय सहित पूरे जिले में सोमवार को भाद्रपद शुक्ल पक्ष की गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर गणेश जन्मोत्सव का शुभारंभ अत्यंत हर्षोल्लास, उत्साह और धार्मिक गरिमा के साथ हुआ। सर्वार्थ सिद्धि योग के शुभ मुहूर्त में शुरू हुआ यह पावन उत्सव इस बार तिथियों के विशेष संयोग के कारण 10 दिनों के बजाय पूरे 12 दिनों तक चलेगा। जन्मोत्सव का समापन 25 सितंबर को अनंत चतुर्दशी पर्व पर होगा।

बता दें सुबह से ही ढोल-नगाड़ों की थाप और गणपति बप्पा मोरया के जयकारों के साथ श्रद्धालु भगवान गणेश के दर्शन और प्रतिमाओं की अगवानी के लिए नजर आए। जिला मुख्यालय के साथ-साथ रेहटी, बुधनी, शाहगंज, भैरुंदा, लाडक्कुई, आष्टा, इछावर, जावर और श्यामपुर सहित संपूर्ण जिले के सैकड़ों स्थानों पर आकर्षक एवं भव्य पंडाल सजाए गए हैं, जहां प्रथम पूज्य श्री गणेश की प्रतिमाएं शुभ मुहूर्त में स्थापित की गईं।

12 दिवसीय मेले का भी शुभारंभ

गणेशोत्सव के साथ ही मुख्यालय स्थित प्राचीन चिंतामन श्री गणेश मंदिर पर भव्य मेले का शुभारंभ हो गया है। मेला स्थल पर बड़ी संख्या छोटे-बड़े झूले लगे हैं, जबकि सैकड़ों दुकानों लगी हुई है। इस बार 10 की बजाए 12 दिनों का मेला है। मेले में शहर सहित आसपास के अंचलों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचेंगे।

2000 वर्ष पुराने चिंतामन मंदिर में अनूठी परंपराएं

जिला मुख्यालय स्थित चिंतामन गणेश मंदिर पूरे क्षेत्र में धार्मिक आस्था का मुख्य केंद्र बना हुआ है। विक्रमादित्यकालीन और 2000 वर्षों से भी अधिक प्राचीन इस मंदिर में सोमवार तडक़े से ही बप्पा के दर्शन के लिए भक्तों की लंबी-लंबी कतारें देखने को मिलीं। इतिहासकारों के अनुसार मंदिर में स्थापित प्रतिमा उज्जैन के महान सम्राट राजा विक्रमादित्य के काल की स्वयंभू मूर्ति है। चिंतामन गणेश मंदिर विशेष बात मनोकामना पूर्ति की परंपरा है। श्रद्धालु अपनी मन्नत मांगने के लिए मंदिर की दीवार पर उल्टा स्वस्तिक बनाते हैं। धार्मिक मान्यता है कि सिद्धपुर के चिंतामन गणेश अपने द्वार पर आने वाले किसी भी भक्त को खाली हाथ नहीं लौटाते। जब श्रद्धालुओं की मनोकामना पूर्ण हो जाती है तो वे पुनः मंदिर आकर दीवार पर सीधा स्वास्तिक बनाते हैं और भगवान को चोला, विशेष अभिषेक तथा मोदक का भोग अर्पित कर आभार जताते हैं।

12 दिनों तक रोज होगा मनमोहक श्रृंगार

चिंतामन गणेश मंदिर के पुजारी पंडित जय दुबे ने बताया कि तिथियों की घट-बढ़ और दुर्लभ संयोग के चलते इस वर्ष गणेश उत्सव 12 दिनों का रहेगा। उत्सव के दौरान प्रतिदिन भगवान श्री चिंतामन गणेशजी का अलग-अलग दिव्य और मनमोहक स्वरूपों में भव्य श्रृंगार किया जाएगा, जिससे भक्तों को प्रतिदिन भगवान के नए और अलौकिक रूप के दर्शन प्राप्त होंगे। 12 दिवसीय भव्य आयोजन को ध्यान में रखते हुए मंदिर प्रांगण में श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं।



सीहोर। प्रसिद्ध चिंतामन गणेश मंदिर में सुबह से श्रद्धालुओं का बड़ी संख्या में आना शुरू हो गया था।



नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने नगर पालिका कार्यालय में विराजमान कराए भगवान गणेश : नगरवासियों की सुख-समृद्धि, खुशहाली और नगर की निरंतर प्रगति की कामना को लेकर नगर पालिका सीहोर में इस वर्ष भी गणेशोत्सव का शुभारंभ आस्था और उत्साह के साथ किया गया। मंगलवार को नगर पालिका कार्यालय परिसर में नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, समस्त पार्षदों, नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारियों एवं क्षेत्रवासियों की मौजूदगी में भगवान गणेश की भव्य प्रतिमा को विधि-विधान के साथ विराजमान कराया गया। स्थापना के बाद भगवान गणेश की नियमित पूजा-अर्चना और सुबह आरती का आयोजन किया जाएगा। नगर पालिका परिसर में गणेश प्रतिमा की स्थापना को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला। इससे पहले सोमवार को स्थानीय कलाकारों द्वारा तैयार की गई भगवान गणेश की आकर्षक एवं भव्य प्रतिमा को श्रद्धालु आदर और श्रद्धा के साथ शहर के प्रमुख मार्गों से चल समारोह के रूप में लेकर नगर पालिका कार्यालय पहुंचे। इस दौरान श्रद्धालु भगवान गणेश के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। वातावरण भक्तिमय नजर आया और जगह-जगह लोगों ने भगवान गणेश का स्वागत किया। नगर पालिका कार्यालय परिसर में प्रतिमा स्थापना के अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने भगवान गणेश की पूजा-अर्चना कर नगर की तरक्की, विकास और समस्त नगरवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा कि भगवान गणेश विघ्नहर्ता और मंगलकर्ता हैं। किसी भी शुभ कार्य की शुरुआत भगवान गणेश की पूजा से करने की परंपरा रही है। नगर में सुख, शांति और समृद्धि बनी रहे तथा प्रत्येक परिवार खुशहाल रहे, यही भगवान गणेश से प्रार्थना है।







सीहोर। नगर में गणेश चतुर्थी पर स्थापना के लिए गणेश प्रतिमा उत्साह से स्कूटी, बाइक व ट्रैक्टर ट्राली से लाए श्रद्धालु

गणेश चतुर्थी पर हरतालिका तीज का संयोग

इस बार गणेश उत्सव के पहले दिन एक और विशेष संयोग देखने को मिला। गणेश चतुर्थी के दिन ही हरतालिका तीज का व्रत भी रहा, जिससे पर्व का उत्साह दोगुना हो गया। शाम ढलते ही महिलाओं ने अखंड सौभाग्य और परिवार की समृद्धि के लिए हरतालिका तीज का निर्जला व्रत रखा। शहर और ग्रामीण इलाकों के प्रमुख मंदिरों के साथ-साथ घरों में भी महिलाओं ने समूह में एकत्रित होकर मां पार्वती और भगवान शिव का विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया तथा रातभर भजन-कीर्तन करते हुए जागरण किया।

बाजारों में रही भारी भीड़

गणेश चतुर्थी के शुभ अवसर पर शहर के बड़ा बाजार और आराकस चौराहा सहित सभी प्रमुख व्यापारिक क्षेत्रों में सुबह 10 बजे से लेकर देर रात तक जबरदस्त रौनक रही। श्रद्धालु बप्पा की प्रतिमाएं, पूजन सामग्री, फल, फूल, पत्री और सजावटी सामान खरीदने के लिए बड़ी संख्या में पहुंचे। मुख्य बाजार की सडक़ों पर पैदल राहगीरों के साथ-साथ दोपहिया वाहनों की भारी आवाजाही के कारण कई बार जाम के हालात भी बने।



17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक प्रदेशभर में होंगे सेवा, सुशासन, संवाद कार्यक्रम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्ष के सेवा कार्य को जन-जन तक पहुंचाएगा सेवा संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन एवं जनसेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश द्वारा 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक 'सेवा संकल्प अभियान' चलाया जाएगा। पत्रकार वार्ता शुभारंभ में मुख्य अतिथि राव उदयप्रताप सिंह का स्वागत जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा ने पुष्पगुच्छ भेंट कर किया। तत्पश्चात जिलाध्यक्ष मेवाड़ा ने स्वागत भाषण में विषय को लेकर संक्षिप्त विषम रखा।

अभियान के संबंध में भाजपा सीहोर कार्यालय पर आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदयप्रताप सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 25 वर्षों का सार्वजनिक जीवन सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण और राष्ट्र निर्माण को समर्पित रहा है। इस सेवा यात्रा को जन-जन तक पहुंचाने और विकसित भारत-2047 के संकल्प को जनभागीदारी का अभियान बनाने के उद्देश्य से प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

राव उदयप्रताप सिंह ने कहा कि 7 अक्टूबर 2001 से मुख्यमंत्री और 26 मई 2014 से प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी लगातार देश की सेवा कर रहे हैं। यह 25 वर्ष भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में सेवा और समर्पण का महत्वपूर्ण अध्याय है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश ने गरीब कल्याण, आवास, स्वच्छता, सामाजिक सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य और आर्थिक विकास सहित विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से 4.5 करोड़ से अधिक परिवारों को आवास, स्वच्छता अभियान के माध्यम से 12 करोड़ से अधिक शौचालयों का निर्माण, 100 करोड़ से अधिक लोगों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन से जोड़ने तथा लगभग 80 करोड़ लोगों को निःशुल्क राशन उपलब्ध कराने जैसे कार्यों ने देश के गरीब और वंचित वर्ग के जीवन में व्यापक बदलाव किया है।

मंत्री ने कहा कि कोविड-19 महामारी के कठिन दौर में देशवासियों को 200 करोड़ से अधिक निःशुल्क वैक्सीन डोज उपलब्ध कराना भारत की सामर्थ्य और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व का उदाहरण है। उन्होंने कहा कि आज भारत विश्व पटल पर तेजी से आगे बढ़ रहा है और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश की प्रतिष्ठा एवं सम्मान में निरंतर वृद्धि हुई है।

17 सितंबर को 'सेवा दिवस' के रूप में मनाया जाएगा

राव उदयप्रताप सिंह ने बताया कि 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस को प्रदेश में 'सेवा दिवस' के रूप में मनाया जाएगा। इस अवसर पर रक्तदान शिविर सहित विभिन्न सेवा गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

उन्होंने कहा कि 17 सितंबर को शाम 7 बजे प्रदेश के सभी 71930 बूथों पर 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। प्रत्येक परिवार दीप प्रज्ज्वलित कर प्रधानमंत्री की 25 वर्षों की जनसेवा के प्रति आभार व्यक्त करेगा और विकसित भारत-2047 के सामूहिक संकल्प में सहभागी बनेगा।

पत्रकार वार्ता में भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, जिला प्रभारी विकास विरानी, आष्टा विधायक गोपाल इंजीनियर, निगम अध्यक्ष रवि मालवीय, जिला महामंत्री द्वय पंकज गुप्ता, जितेन्द्र गौड़ एवं जिला मीडिया प्रभारी प्रितेश राठौर उपस्थित रहे।

विशेष बच्चों पर बरसी गणेश जी कृपा, हुनर के मुरीद हुए मुस्लिम युवा हकीम भाई भी



सीहोर। गणेशोत्सव की पूर्व संध्या पर शहर के कोतवाली चौराहे पर आस्था, भावना और कौमी एकता का एक बेहद भावुक नजारा देखने को मिला। ऐसा लगा मानो विशेष (दिव्यांग) बच्चों पर खुद भगवान गणेश जी की कृपा बरस रही हो। वसुंधरा वेलफेयर फाउंडेशन के दिव्यांग बच्चों ने जब अपनी नन्हीं, मासूम उंगलियों से मिट्टी को तराशकर गणपति बाप्पा का रूप दिया तो उनकी इस निश्छल मेहनत को संबल देने लायंस क्लब सीहोर आगे आया। कोतवाली चौराहे पर लगा यह छोटा सा स्टॉल सिर्फ मूर्तियों की बिक्री का केंद्र नहीं, बल्कि इन बच्चों के सपनों और स्वाभिमान का खूबसूरत मंच बन गया।

बता दें यूं तो शहर भर में गणेश प्रतिमाओं की कई दुकानें सजी हैं, लेकिन इस स्टॉल पर बिखरी बच्चों की मासूमियत ने हर किसी का दिल मोह लिया। इसी बीच एक ऐसा लम्हा आया जब मुस्लिम समाज के हकीम भाई स्टॉल पर पहुंचे तो वह भी इन विशेष बच्चों की कला और मेहनत के मुरीद हो गए। उन्होंने बच्चों का हौसला बढ़ाते हुए 150 रुपये में गणेश जी की प्रतिमा खरीदी।

प्रतिमा खरीदकर वापस सौंपी : हकीम भाई का बड़प्पन यहीं नहीं रुका। प्रतिमा हाथ में लेते ही उन्होंने उसे वापस आयोजकों के हाथों में सौंप दिया और भरे गले से कहा यह मूर्ति मेरी तरफ से किसी ऐसे परिवार को भेंट कर देना, जो सच्चे मन और पूरी श्रद्धा से गणपति बाप्पा की सेवा कर सके।

प्रिंस-सुदीप बोले- बच्चों का हुनर समाज की पूंजी : इस भावुक पल में शहर के जनप्रतिनिधि भी बच्चों का हौसला बढ़ाने पहुंचे। नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर ने स्टॉल पर पहुंचकर बच्चों द्वारा निर्मित गणेश प्रतिमा खरीदी और उनका उत्साहवर्धन किया। प्रिंस राठौर ने कहा कि इन विशेष बच्चों का यह हुनर समाज की सबसे बड़ी पूंजी है। भाजपा मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति ने भी प्रतिमा खरीदकर बच्चों की कड़ी मेहनत और उनकी अद्भुत कलात्मकता को दिल से सराहा।

खबर संक्षेप

गो सम्मान अभियान के समर्थन में किए हस्ताक्षर

भैरूंदा। गो सम्मान आह्वान अभियान के तृतीय चरण को जनसमर्थन मिल रहा है। इसी कड़ी में भैरूंदा तहसील के सुदामा गार्डन में राधेश्याम राठौर परिहार परिवार ने राठौर समाज और अन्य समाजजनों के लिए मां नर्मदा जी का भव्य भंडारा कराया। इसमें बड़ी संख्या में स्वजातीय बंधु और अन्य लोग शामिल हुए। भंडारे में आए लोगों ने गो सम्मान आह्वान अभियान के समर्थन में हस्ताक्षर किए। कुल 220 लोगों ने हस्ताक्षर कर अभियान का समर्थन जताया। आयोजकों के मुताबिक अभियान का उद्देश्य गो माता का सम्मान और संरक्षण करने के साथ समाज में गोसेवा के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। अभियान को अलग-अलग वर्गों का सहयोग मिल रहा है। भंडारे में शामिल लोगों ने गो माता के प्रति आस्था जताते हुए अभियान के साथ खड़े रहने का संकल्प लिया।

युवाओं को बताए व्यवसाय और शिक्षा के अवसर

सीहोर। युवाओं को केवल रोजगार तलाशने के बजाय व्यवसाय और उद्योग के जरिए आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा सीहोर ने विवेकानंद महाविद्यालय में 'एक नई दिशा-एक सुनहरा अवसर' कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें युवाओं को व्यवसाय, सहकारी क्षेत्र, विदेश में शिक्षा और कृषि से जुड़े अवसरों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजपूत बिजनेस फोरम के अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह भदौरिया रहे। महासभा अध्यक्ष गणेश सिंह चौहान ने बताया कि कार्यक्रम में किशोरों, नवयुवकों और नवयुवतियों के लिए सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता भी हुई।

मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की

सीहोर। स्वास्थ्य विभाग द्वारा वर्ष ऋतु के दौरान मलेरिया, डेंगू एवं चिकनगुनिया जैसी बीमारियों से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की गई है। जिला मलेरिया अधिकारी ने बताया कि मलेरिया से बचाव के मच्छरदानी का उपयोग करें और खिड़कियों एवं दरवाजों पर जाली लगाएं। हल्के रंग के कपड़े पहनें एवं हाथ पैरों को पूरा ढ़ूंकें। हर सप्ताह कूलर, टंकी और बैरल के पानी को बदलें। आस पास पानी को जमा न होने दें।

गणेशोत्सव को लेकर शहर के मंदिरों, कॉलोनियों और प्रमुख स्थानों पर सजाए गए पंडाल

सार्वजनिक स्थानों समेत घरों में विराजे गजानन जयकारों से गूंजा शहर, गणेशोत्सव का श्रीगणेश

गणेश स्थापना को लेकर सुबह से ही लोगों में उत्साह दिखाई दिया। कई स्थानों पर श्रद्धालु गाजे-बाजे के साथ प्रतिमाएं लेकर निकले।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा





ढोल-नगाड़ों की थाप, गाजे-बाजे के बीच गणपति बप्पा मोरया के जयघोष और हाथों में सजी भगवान गणेश की प्रतिमाएं... सोमवार को गणेश चतुर्थी पर शहर का माहौल पूरी तरह भक्तिमय नजर आया। सुबह से ही घरों और पूजा पंडालों में विघ्नहर्ता गजानन की स्थापना का सिलसिला शुरू हो गया। शुभ मुहूर्त में विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ भगवान गणेश को विराजमान कराया गया। इसी के साथ शहर और ग्रामीण अंचल में 12 दिवसीय गणेशोत्सव का श्रीगणेश हो गया।

गणेश स्थापना को लेकर सुबह से ही लोगों में उत्साह दिखाई दिया। कई स्थानों पर श्रद्धालु गाजे-बाजे के साथ प्रतिमाएं लेकर निकले। जगह-जगह शोभायात्राएं निकाली गईं। इनमें बड़ी संख्या में युवा, महिलाएं और बच्चे शामिल हुए। रास्तेभर गणपति बप्पा मोरया, मंगलमूर्ति मोरया और आया रे आया गणपति आया के जयकारे गूंजते रहे। श्रद्धालुओं ने गुलाल उड़ाकर और पुष्पवर्षा कर गणपति का स्वागत किया।

शोभायात्राओं के पंडाल पहुंचने के बाद भगवान गणेश की विधिवत स्थापना की गई। सार्वजनिक पंडालों में आकर्षक सजावट और विशेष श्रृंगार किया गया है। वहीं घरों में भी महिलाओं और बच्चों ने मिट्टी सहित विभिन्न प्रकार की गणेश प्रतिमाएं स्थापित कीं। भगवान को चंदन, अक्षत, फूल, धूप-दीप अर्पित कर आरती की गई और मोदक सहित विभिन्न व्यंजनों का भोग लगाया गया।

पंडालों में होंगे धार्मिक-सांस्कृतिक आयोजन

गणेशोत्सव को लेकर शहर के मंदिरों, कॉलोनियों और प्रमुख स्थानों पर पंडाल सजाए गए हैं। गणेश महोत्सव समितियों ने 12 दिनों के लिए धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारी की है। कई पंडालों में शाम को आरती के साथ भजन-कीर्तन होंगे। माता मंदिर के समीप भी गणपति पंडाल बनाया गया है, जहां श्रद्धालुओं के लिए विशेष आयोजन किए जाएंगे।

हरतालिका तीज और गणेश चतुर्थी का संयोग

इस बार लंबे समय बाद हरतालिका तीज और गणेश चतुर्थी एक ही दिन पड़ रही हैं। सोमवार को महिलाओं ने अखंड सौभाग्य और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना से हरतालिका तीज का निर्जला व्रत रखा। तृतीया तिथि की अवधि को लेकर मतांतर के बीच धार्मिक गणना के अनुसार चतुर्थी से युक्त तृतीया को व्रत के लिए उपयुक्त माना गया। धार्मिक जानकारों के मुताबिक इससे पहले 2 सितंबर 2019 को भी इसी प्रकार तृतीया दो दिनों तक रही थी। उस समय भी चतुर्थी से युक्त तृतीया को व्रत के लिए ग्रहण किया गया था। गणेश चतुर्थी के साथ ही अब शहर में 12 दिनों तक भक्ति और उत्सव का रंग दिखाई देगा। घरों से लेकर पंडालों तक भगवान गणेश की आराधना होगी और अनंत चतुर्दशी पर गणपति बप्पा को भावपूर्ण विदाई दी जाएगी।

10 की जगह 12 दिन चलेगा उत्सव

इस बार गणेशोत्सव सामान्य 10 दिनों के बजाय 12 दिनों का होगा। 14 सितंबर को गणेश चतुर्थी पर स्थापना के बाद 25 सितंबर को अनंत चतुर्दशी पर प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा। इस तरह स्थापना से विसर्जन तक उत्सव 12 दिनों तक चलेगा। इससे पहले वर्ष 2017 में भी गणेशोत्सव 12 दिनों का रहा था। धार्मिक जानकारों के अनुसार इस बार तिथियों की अवधि के कारण चतुर्थी से अनंत चतुर्दशी तक का क्रम 14 से 25 सितंबर तक बन रहा है। यही वजह है कि इस बार गणेशोत्सव दो दिन अधिक चलेगा।

शाहगंज में अवैध शराब पर गरमाई राजनीति, पूर्व मंत्री पटेल ने खोला मोर्चा, पूछा- प्रशासनिक कार्रवाई सिर्फ दिखावा क्यों

5 महीने में दर्ज हुए 69 केस, फिर भी जारी है बिक्री, प्रशासन से पूरी सप्लाई चेन की निष्पक्ष जांच की मांग

सीहोर। पवित्र नर्मदा नदी के तट पर बसे शाहगंज क्षेत्र में धड़ल्ले से चल रहे अवैध शराब के काले कारोबार को लेकर अब राजनीति गरमा गई है। प्रदेश के पूर्व शिक्षा मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजकुमार पटेल ने शाहगंज सहित पूरे इलाके में जारी अवैध शराब की बिक्री पर स्थानीय प्रशासन और शासन को कटघरे में खड़ा किया है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब मीडिया लगातार इस नेटवर्क का पर्दाफाश कर रहा है तो फिर प्रशासन इस पर स्थायी रोक लगाने में क्यों नाकाम साबित हो रहा है।

पूर्व मंत्री राजकुमार पटेल ने सोशल मीडिया के अपने फेसबुक अकाउंट पर प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि अवैध शराब बेचने वालों पर केवल छोटी-मोटी कार्रवाई कर इतिश्री कर ली जाती है। उन्होंने मांग की कि इस पूरे नेटवर्क की निष्पक्ष और गहरी जांच होनी चाहिए। शराब कहां से सप्लाई हो रही है, कौन इसे बिकवा रहा है और बार-बार धरपकड़ के बावजूद यह कारोबार कैसे निर्बाध रूप से चल रहा है, इसकी परतें खुलना बेहद जरूरी है।

नर्मदा तट की मर्यादा का दिया हवाला

राजकुमार पटेल ने चेतावनी भरे लहजे में आगाह करते हुए कहा कि नर्मदा तट की मर्यादा, सामाजिक वातावरण और युवाओं के भविष्य को देखते हुए प्रशासन को बिना किसी दबाव और भेदभाव के सख्त कदम उठाने चाहिए। शाहगंज सहित गांव-गांव में बिक रही अवैध शराब पर तुरंत पूर्ण प्रतिबंध लगे। प्रशासन जवाब दे कि ठोस कार्रवाई के लिए क्या बंडोल जैसी किसी बड़ी आपराधिक त्रासदी का इंतजार किया जा रहा है।

5 महीने में दर्ज हुए 69 केस : बता दें शाहगंज पवित्र नर्मदा नदी के तट पर स्थित है। तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की सरकार ने नर्मदा किनारे के क्षेत्रों में शराब बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया था और वर्तमान सरकार भी इस नीति पर काम कर रही है। इसके बावजूद शाहगंज में अवैध शराब की बिक्री जारी है। पुलिस आंकड़ों के अनुसार महज बीते 5 महीनों में ही 69 मामले दर्ज किए जा चुके हैं।

बुधनी क्षेत्र के प्रभावी नेता हैं राजकुमार पटेल: बुधनी विधानसभा क्षेत्र में पूर्व मंत्री राजकुमार पटेल की गिनती प्रभावशाली नेताओं में होती है। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा सीट खाली करने के बाद हुए उपचुनाव में राजकुमार पटेल ने भाजपा प्रत्याशी को कड़ी टक्कर दी थी। वर्ष 2023 के चुनाव में जहां शिवराज सिंह चौहान 1 लाख से अधिक मतों से जीते थे, वहीं उपचुनाव में राजकुमार पटेल ने इस अंतर को समेटकर केवल 13 हजार तक ला दिया था।

महाराणा प्रताप चौक पर ब्लॉक कांग्रेस ने लगाया पंजीयन शिविर, छात्र-छात्राओं में दिखा उत्साह

छात्रों की गूंज कार्यक्रम के लिए क्यूआर कोड से कराए पंजीयन

बुधनी। 19 सितंबर को इंदौर में होने वाले 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम को लेकर बुधनी में तैयारियां तेज हो गई हैं। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की ओर से महाराणा प्रताप चौक पर कार्यक्रम आयोजित कर छात्र-छात्राओं के क्यूआर कोड के माध्यम से रजिस्ट्रेशन कराए गए।



बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पंजीयन कराया इंदौर में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में विपक्ष के नेता राहुल गांधी मुख्य रूप से शामिल होंगे। जहां कार्यक्रम में पेपर लीक, बिगड़ी शिक्षा व्यवस्था, सरकारी स्कूल-कॉलेजों की बदहाल स्थिति समेत छात्रों से जुड़े विभिन्न मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जाएगा। इसमें प्रदेशभर से छात्र-छात्राओं के शामिल होने की बात कही गई है।

इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सोनू राजपूत,किसान कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र यादव, किसान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष सौरभ दुबे, पुरुषोत्तम मीणा, भूपेंद्र निमोदा, सुशील मीणा, हेमंत वर्मा, बालवीर चौहान सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

बसपा सीहोर में संगठनात्मक बदलाव, कोमल नागर बने जिलाध्यक्ष



सीहोर। बहुजन समाज पार्टी जिला सीहोर के तत्वावधान में 14 सितंबर 2026 को बायपास स्थित विश्राम गृह में संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि बसपा मध्यप्रदेश के इंदौर-भोपाल जोन प्रभारी कमलेश कुमार रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में विदिशा लोकसभा प्रभारी संजीव बौद्ध एवं भोपाल लोकसभा प्रभारी अनोखीलाल मालवीय उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष कोमल नागर ने की, जबकि संचालन नरसिंह भारती ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि कमलेश कुमार ने सीहोर जिले में पार्टी के संगठनात्मक बदलावों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पूर्व जिला अध्यक्ष संजीव बौद्ध को विदिशा लोकसभा प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनके स्थान पर कोमल नागर को बहुजन समाज पार्टी जिला सीहोर का नया जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही जिला कार्यकारिणी की घोषणा भी की गई। नवीन भैरवे को जिला उपाध्यक्ष, डी.बी. बड़ोदिया को जिला महासचिव, नरसिंह भारती को जिला सचिव, एन.पी. सागर को जिला कोषाध्यक्ष तथा बद्रीलाल कटारिया एवं धनराज थरेले को जिला कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों का पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने संगठन को मजबूत करने और पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। बैठक में बसपा सीहोर नगर अध्यक्ष रामस्वरूप भारती सहित जगदीश गौर, राकेश बौद्ध, धर्मेंद्र कचनारिया, कमल कौरवे, राजकमल सागर, प्रकाश दोहरे, वीरू जाटव, काशीराम बर्द, बलराम पैठारी, रमेश डोंगरे, अभिषेक नागर सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सीहोर में कैबिनेट मंत्री राव उदय प्रताप सिंह का भव्य स्वागत, रेस्ट हाउस पर कार्यकर्ताओं ने की अगवानी

नगर मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति ने किया स्वागत, मंडल अध्यक्ष सुशील ताम्रकार सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी रहे मौजूद



सीहोर। सोमवार को इंदौर-भोपाल बाईपास स्थित रेस्ट हाउस पर मध्य प्रदेश सरकार में शिक्षा एवं परिवहन विभाग के कैबिनेट मंत्री राव उदय प्रताप सिंह का सीहोर आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। नगर मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति ने मंत्री का स्वागत कर उनका अभिनंदन किया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष सुशील ताम्रकार सहित मंडल के बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे।

मेरी-आपकी कोई गारंटी नहीं, आज कलेक्टर हो कल नहीं:सीहोर कलेक्टर की स्थानीय भाषा पर चुटकी, मंत्री ने कहा- जनहित में खुलकर काम करें



सीहोर। इछावर तहसील के बालोड़िया गांव में गुरुवार को एक सरकारी कार्यक्रम में प्रदेश के राजस्व मंत्री करणसिंह वर्मा और कलेक्टर बालागुरु के बीच मजेदार बातचीत हुई। उनकी हंसी-मजाक ने वहां मौजूद सभी लोगों का दिल जीत लिया।

मंत्री करणसिंह वर्मा ने कलेक्टर को जीवन और प्रशासनिक सेवा का फलसफा समझाया। उन्होंने कहा कि पद और जीवन दोनों ही अस्थायी हैं। इसलिए जब तक जिम्मेदारी मिली है, जनता के हित में खुलकर और खुशी-खुशी काम करना चाहिए।

कहा- 'न मेरी कोई गारंटी है, न आपकी'

माइक हाथ में लेकर मंत्री ने कलेक्टर से कहा, अरे यार न मेरी कोई गारंटी है, न आपकी गारंटी है। उन्होंने आगे कहा, आज आप कलेक्टर हो, कल नहीं रहोगे। आज मैं मंत्री हूँ, कल नहीं रहूँगा। मंत्री ने जोर देकर कहा कि जब तक पद पर हैं, काम करने में ही असली मजा आता है। उनकी इस बात पर मंच पर बैठे जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और ग्रामीणों ने खूब ठहाके लगाए।

जनहित में हिचकिचाहट नहीं होनी चाहिए

बातचीत के दौरान राजस्व मंत्री ने कलेक्टर की स्थानीय भाषा पर भी चुटकी ली। उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा कि कलेक्टर साहब पहले यहां की भाषा नहीं जानते थे। अब वे काफी सीख गए हैं और काम भी बढ़िया कर रहे हैं। मंत्री के इस कमेंट पर कलेक्टर भी अपनी हंसी नहीं रोक पाए।

इस हंसी-मजाक के बीच मंत्री करणसिंह वर्मा ने प्रशासनिक अधिकारियों को एक साफ संदेश दिया। उन्होंने कहा कि जनहित के मामलों में कोई हिचकिचाहट नहीं होनी चाहिए। जनता का कोई भी काम बिना किसी परेशानी के तुरंत पूरा किया जाना चाहिए।

भोजन प्रसादी, भजन-कीर्तन के साथ हुआ धार्मिक आयोजन

माता-पिता, गुरु और परमात्मा का हर समय सम्मान करना चाहिए : उपाध्यक्ष विवेक रुठिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

माता-पिता, गुरु और परमात्मा का हमें हर समय सम्मान करना चाहिए। बुजुर्ग हमारे लिए सदैव सम्माननीय हैं और उनका आशीर्वाद जीवन में सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करता है। आज की युवा पीढ़ी को अपने संस्कारों और परिवार के बुजुर्गों के प्रति जिम्मेदारियों को समझते हुए उनके सम्मान और सेवा को जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। यह बात शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित संकल्प वृद्धाश्रम में आयोजित धार्मिक एवं सेवा कार्यक्रम के दौरान संस्कार मंच के उपाध्यक्ष एवं समाजसेवी विवेक रुठिया ने कही।



समाजसेवी विवेक रुठिया द्वारा अपने पिता स्वर्गीय पिता मानकचंद्र रुठिया की स्मृति में पिछले कई वर्षों से संकल्प वृद्धाश्रम में भव्य भोजन प्रसादी का आयोजन किया जाता है। इसी परंपरा के तहत इस वर्ष भी वृद्धाश्रम में श्रद्धा और सेवा भावना के साथ भोजन प्रसादी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वृद्धजनों को भोजन प्रसादी कराई गई और सभी के सुख, स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की गई।

विवेक रुठिया ने कहा कि जीवन में धन-संपत्ति से अधिक महत्वपूर्ण संस्कार और सेवा भावना है। माता-पिता ने हमें जीवन दिया और गुरु हमें सही मार्ग दिखाते हैं, जबकि परमात्मा के प्रति श्रद्धा हमें जीवन में सकारात्मक दिशा प्रदान करती है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने माता-पिता की सेवा करने के साथ गुरुजनों एवं बुजुर्गों का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि वृद्धाश्रम में आकर बुजुर्गों के बीच समय बिताने और उनकी सेवा करने से मन को आत्मिक संतोष मिलता है। अपने पिता की स्मृति में कई वर्षों से यहां भोजन प्रसादी का आयोजन करने का उद्देश्य भी सेवा और संस्कार की इसी भावना को आगे बढ़ाना है। इस अवसर पर श्रद्धा भक्ति सेवा समिति की ओर से बाबू सिंह, सनातन सेना के प्रदेश सचिव पवन केवट, आयुष गुप्ता आदि ने समाजसेवी विवेक रुठिया एवं अग्रवाल महिला मंडल की वरिष्ठ पदाधिकारी ज्योति रुठिया का स्वागत एवं सम्मान किया।

सभी हिंदी प्रेमियों को हिंदी दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं-डॉ. विजेंद्र जायसवाल

सीहोर। हिंदी दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय साहित्य परिषद जिला सीहोर के तत्वावधान में स्थानीय संविधान भवन के सभागार में विचार एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता परिषद के उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ साहित्यकार हीरालाल जायसवाल अनाड़ी ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके पश्चात कवि गोविंद लोबानिया ने मां वीणावादिनी की वंदना सस्वर प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन करते हुए परिषद के अध्यक्ष डॉ. विजेंद्र जायसवाल ने मातृभाषा हिंदी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हिंदी हमारी पहचान, संस्कृति और भावनाओं की अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम है। उन्होंने सभी हिंदी प्रेमियों को हिंदी दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए दैनिक जीवन में अधिक से अधिक हिंदी का प्रयोग करने का आह्वान किया। परिषद के प्रचार मंत्री कवि जोरावर सिंह ने अतिथियों का अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर उपस्थित साहित्यकारों एवं हिंदी प्रेमियों ने हिंदी भाषा के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए तथा अपने दैनिक कार्यों में हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग पर जोर दिया। विचार गोष्ठी के साथ आयोजित काव्य पाठ में उपस्थित साहित्यकारों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से हिंदी भाषा के प्रति प्रेम, सम्मान और गौरव की भावना व्यक्त की। काव्य पाठ में कमल सिंह मालवीय, एडलीन मालवीय सहित अनेक साहित्यकार एवं हिंदी प्रेमी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में नरेंद्र बाजर ने सभी अतिथियों, साहित्यकारों एवं उपस्थित हिंदी प्रेमियों का आभार व्यक्त किया।

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित सीहोर शाखा, इछावर

वार्षिक आम सभा सूचना दिनांक 14.09.2026

शाखा कार्यक्षेत्र की सभी समितियों के अंशधारी सदस्यगणों एवं पदाधिकारीगणों को सूचित किया जाता है कि संस्थाओं की वार्षिक साधारण आम सभा संस्थाओं के सम्मुख दर्शित दिनांक व स्थान पर संपन्न होना तय हुआ है, जिसमें आपकी उपस्थिति सादर प्रार्थनीय है। कोरम पूर्ति के अभाव में सभा आधा घण्टे के लिए स्थगित की जाकर पुनः उसी स्थान एवं दिनांक पर सभा ठीक 01:30 बजे पुनः प्रारम्भ की जावेगी, जिसमे कोरम पूर्ति की अनिवार्यता नहीं रहेगी।

क्र.	समिति का नाम	आमसभा दिनांक	दिन	स्थान	समय
1.	बहु.प्राथ.कृषि साख सहकारी समिति मर्या. दीवड़िया	19.09.2026	शनिवार	संस्था मुख्यालय दीवड़िया	11.30 बजे
2.	बहु.प्राथ.कृषि साख सहकारी समिति मर्या. रामनगर	19.09.2026	शनिवार	संस्था मुख्यालय रामनगर	दोपहर 1 बजे
3.	बहु.प्राथ.कृषि साख सहकारी समिति मर्या. बोरदीकलां	19.09.2026	शनिवार	संस्था मुख्यालय बोरदीकलां	11.30 बजे

आरोपी से 10 लाख 50 हजार रुपये नकद व मोबाइल फोन जब्त किया

फर्म के खातों में हेराफेरी व कूटरचना कर लाखों की धोखाधड़ी करने वाला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

जिला राजगढ़ में धोखाधड़ी एवं आर्थिक अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा ऐसे अपराधों में संलिप्त आरोपियों के विरुद्ध त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई के लिए चलाए जा रहे है। अभियान अंतर्गत पुलिस अधीक्षक राजगढ़ अमित तोलानी के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के.एल. बंजारे एवं एसडीओपी ब्यावरा प्रकाश शर्मा के मार्गदर्शन में थाना ब्यावरा (देहात) पुलिस द्वारा फर्म के खातों में हेराफेरी एवं कूटरचना कर लाखों रुपये की धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की गई है।

पुलिस के मुताबिक सिद्धांत पिता विनीत कुमार गुप्ता, उम्र 35 वर्ष, निवासी सेठ एंड संस टाटा मोटर्स शोरूम, ए.बी. रोड, गुना'' द्वारा थाना ब्यावरा (देहात) में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उनकी फर्म के ब्यावरा स्थित



टाटा मोटर्स शोरूम में ''सेल्स एग्जीक्यूटिव के पद पर कार्यरत संजय कुमार पिता कैलाश नारायण सक्सैना'' निवासी पानिया पचोर द्वारा फर्म के अकाउंट में हेराफेरी एवं कूटरचना कर फर्म की राशि में गबन धोखाधड़ी की गई है। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना ब्यावरा (देहात) में ''अपराध क्रमांक 298/2026, धारा 318(4), 316(5), 338, 336(3), 340(2) बीएनएस'' के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस ने प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए तत्काल विशेष टीम गठित कर आरोपी की तलाश प्रारंभ की गई।

इसी दौरान रविवार को विश्वसनीय मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा ''पचोर रेलवे स्टेशन के सामने जोड़'' पर दबिश देकर आरोपी ''संजय कुमार सक्सैना'' को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी द्वारा घटना के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी का खुलासा किया गया। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही एवं कब्जे से धोखाधड़ी से संबंधित ''10 लाख 50 हजार रुपये नगद'' तथा घटना में प्रयुक्त ''मोबाइल फोन'' जप्त किया गया। आरोपी को विधिवत माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

पांच बच्चे डूबे थे, दो अन्य बच्चे गंभीर व एक सुरक्षित

सीलखेड़ा बारी तालाब में दो सगे भाइयों की डूबने से मौत, ग्रामीण युवक ने निकाला बच्चों को बाहर



हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा/लखनवास

समीपस्थ सीलखेड़ा गांव के बारी तालाब में एक बेहद दर्दनाक हादसा सामने आया है। तालाब में नहाने गए पांच बच्चों में से दो सगे भाइयों की डूबने से मौत हो गई। मृतक पहचान विजय और आजाद वर्मा के रूप में हुई है। पिता के तीन बेटों में से दो की मौत से परिवार में कोहराम मचा है। जानकारी अनुसार ज्ञानसिंह मेवाड़े निवासी सीलखेड़ा तालाब साइट कहीं से आ रहे थे, तभी एक बुजुर्ग ने आवाज लगाई कि तालाब में बच्चे डूब गए हैं। इस पर ज्ञानसिंह ने बिना देर किए तुरंत तालाब में छलांग लगा दी और एक-एक कर सभी बच्चों को बाहर निकाला। इसके बाद वे खुद की गाड़ी से सभी घायल बच्चों को ब्यावरा सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे। हालांकि अस्पताल पहुंचने पर दो बच्चों की जान नहीं बच सकी, लेकिन उनका यह सराहनीय कार्य है। दो अन्य बच्चे गंभीर हैं,एक सुरक्षित है। घटना के बाद पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।



कई वर्षों पहले लोदीपुरा में भी हुआ था ऐसा हादसा

इसी तरह की घटना कई वर्ष पहले लोदीपुरा के तालाब में भी हुई थी, जहां लखनवास के तीन बच्चे नहाने गए थे और तीनों की डूबने से मौत हो गई थी। गांव वालों ने प्रशासन से अपील की है कि बारी तालाब सहित सभी गहरे तालाबों पर तार फेंसिंग और चेतावनी बोर्ड लगाए जाएं। ग्रामीणों ने बताया कि तालाबों से जेसीबी से अवैध मुरम खनन के कारण गहरे गड्ढे बन जाते हैं, जिसका बच्चों को पता नहीं चलता और वे हादसे का शिकार हो जाते हैं। इसका भी उचित समाधान किया जाए।

चोरों का तांडवः दीवार में सेंध लगाकर दो घरों में चोरी, ग्रामीणों में दहशत, पुलिस गश्त की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

लखनवास के ग्रामीण क्षेत्रों में चोरों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं। शनिवार की दरमियानी रात चोरों ने ग्राम कानरखेड़ी को निशाना बनाते हुए दो घरों में सेंधमारी की और नकदी-जेवर सहित सामान लेकर फरार हो गए।

महज 20 दिन पहले पास के गांव पालड़ी गुसाई में एक ही रात पांच घरों में हुई चोरी के बाद, अब कानरखेड़ी में हुई इस वारदात से पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शनिवार रात अज्ञात चोरों ने संतोष पूरी पिता जगदीश पूरी और सुरेश पूरी पिता प्रेम पूरी के घरों को निशाना बनाया। चोर पीछे खेत के रास्ते से पहुंचे और दोनों मकानों की पिछली दीवार में छेद बनाकर अंदर दाखिल हुए। पीड़ति संतोष पूरी के घर से चोर







लगभग एक लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के जेवरात समेट कर ले गए। वहीं, पास ही स्थित सुरेश पूरी के घर में दाखिल होकर चोर कपड़ों और सामान से भरी पेटी ही उठा ले गए।रविवार सुबह जब परिजनों और ग्रामीणों को वारदात का पता चला, तो गांव में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना तुरंत स्थानीय पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना किया।

इलाके में चोरी का खौफ, रात में पुलिस गश्त की मांग- करीब 20 दिन पहले पालड़ी गुसाई में पांच घरों के ताले टूटे थे, और अब कानरखेड़ी में हुई इस घटना ने ग्रामीणों की नींद उड़ा दी है। लगातार हो रही वारदातों से लोगों में असुरक्षा की भावना घर कर गई है। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि क्षेत्र में रात के समय पुलिस गश्त नियमित रूप से शुरू की जाए ताकि आगे ऐसी घटनाओं पर रोक लग सके और चोरों को जल्द गिरफ्तार किया जा सके ।

सिहस्थ 2028 की तैयारियों को लेकर चिंतामणि ईश्वर महादेव मंदिर विकास समिति की बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

नगर की धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाएं समाज में नैतिक मूल्यों, मानवीय सेवा और सांस्कृतिक एकता की भावना को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। इसी क्रम में श्री चिंतामणि ईश्वर महादेव मंदिर विकास समिति द्वारा मंदिर परिसर के विकास एवं आगामी व्यवस्थाओं को लेकर देवकुआं मंदिर परिसर में आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता विष्णु प्रसाद जोशी ने की। शुभारंभ श्री चिंतामणेश्वर महादेव की पूजा-अर्चना के साथ हुआ। बैठक में विश्व प्रसिद्ध सिंहस्थ उज्जैन-2028 के परिप्रेक्ष्य में मंदिर परिसर में आवश्यक व्यवस्थाओं एवं निर्माण कार्यों पर विचार-विमर्श किया गया।

समिति ने परिसर में 18×14 फीट के हॉल का निर्माण कराने का निर्णय लिया। हॉल का निर्माण प्रतिष्ठित कपड़ा व्यापारी कांतिलाल सूरजमल चैधरी एवं संचालक अनूप चैधरी द्वारा अपने माता-पिता की स्मृति में कराया जाएगा। वहीं समिति द्वारा जनसहयोग से भोजनशाला का निर्माण भी कराया जाएगा। समिति अध्यक्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर सर्वसम्मति से विष्णु प्रसाद जोशी को पुनः आगामी तीन वर्षों के लिए अध्यक्ष



चुना गया तथा नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस अवसर पर महादेव मित्र मंडल के नवनिर्वाचित अध्यक्ष जितेंद्र सोलंकी का साफा बांधकर सम्मान किया गया। बैठक के बाद समिति सदस्यों ने मंदिर परिसर में पीपल का पौधा रोपित कर ट्री गार्ड लगाकर उसकी सुरक्षा की।इस दौरान बैठक में उपस्थित वरिष्ठ रामनारायण टेटवाल, नंदकिशोर सोनी, जय हिंद प्रकाश दुबे, ओमप्रकाश राठी,लक्ष्मी नारायण त्रिकार, प्रेम नारायण पुष्पद, शिव सिंह चैहान, रमेश चंद महेश्वरी, ओम प्रकाश पुष्पद, महेश पाटीदार, अशोक साहू, वल्लभ सोनी, भूपेंद्र जोशी, रमेश चंद गुजरिया, शिवनारायण मालवी, कैलाश पुष्पद, पुजारी हरीश पुरी, आदि ने बैठक पश्चात परिसर में पीपल के पौधे का रोपण किया जिसे ट्री गार्ड लगाकर सुरक्षित भी किया।

सेवा सुशासन और विकसित भारत के संकल्प के साथ जन-जन तक पहुंचेगी भाजपा

प्रेसवार्ता के माध्यम से विधायक हरदीपसिंह डंग ने दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

सुवासरा विधायक हरदीपसिं डंग ने कहा कि आज के दौर में जहाँ सरकारों का 5 वर्ष पूरा होना भी एक उपलब्धि होती है, वहीं भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण लोकतंत्र में 25 वर्षों तक लगातार जनता का आशीर्वाद पाना और उनकी सेवा करना अपने आप में असाधारण है और लोकतांत्रिक इतिहास का स्वर्णिम अध्याय भी। इसी के निमित्त भाजपा सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से एक माह के दौरान जन-जन तक पहुंचेगी। प्रधानमंत्री जी ने देश में 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला। 4.5 करोड़ से अधिक परिवारों को प्रधानमंत्री आवास प्रदान किया। 12 करोड़ इज्जत घरों (शौचालयों) का निर्माण कराने के साथ 100



करोड़ से अधिक लोगों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन से जोड़ा गया। जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता सुवासरा विधायक हरदीपसिंह डंग के साथ भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता यशपालसिंह सिसौदिया जिला महामंत्री शिवराजसिंह राणा एवं जिला भाजपा मीडिया प्रभारी निलेश जैन उपस्थित रहें।

विधायक डंग ने कहा कि भाजपा मध्यप्रदेश द्वारा 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक पूरे प्रदेश में श्सेवा संकल्प अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सेवा यात्रा, जनकल्याणकारी योजनाओं और विकसित भारत 2047 के संकल्प को जनता के बीच ले जाना है। 17 सितंबर से 7 अक्टूबर के मध्य विकसित भारत की कल्पना जैसे विषयों पर प्रदेश के सभी सरकारी एवं प्राइवेट स्कूलों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा किए गए सेवा कार्यों और विकसित भारत की संकल्पना पर चित्रकारी, ड्राइंग और भाषण प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। विजेताओं को प्रमाण-पत्र दिए जाएंगे। हरदीप डंग ने कहा कि हर जिले और हर गांव में निकाली जाएगी। पदयात्रा, साइकिल रैली और बाइक रैली के माध्यम से कार्यकर्ता और आमजनता अलग-अलग दिशा से छोटी-छोटी यात्राओं में निकलेंगे और अंत में एक जगह पर आकर मिलेंगी, जहां बड़ा कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम में 25 वर्षों की प्रमुख सेवा एवं विकास उपलब्धियों की जानकारी दी जाएगी, साथ ही विकसित भारत-2047 का सामूहिक संकल्प लिया जाएगा।

सेवा मेरा योगदान - यह अभियान 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलाया जाएगा। प्रत्येक कार्यकर्ता समाजसेवा में अपना योगदान देंगे। अभियान के तहत 25 प्रकार की सेवा गतिविधियां संचालित की जाएंगी। प्रत्येक नागरिक कम से कम 25 मिनट का श्रमदान करके सेवा संकल्प अभियान में अपनी भागीदारी दर्ज करा सकता है।

समाजसेवी पाटीदार का निधन बड़ी बेटी ने दी मुखाग्नि

मंदसौर। मंदसौर जिले के मल्हारगढ़ तहसील बूढा के शिक्षाविद ओम प्रकाश पाटीदार का देवलोक गमन हो गया था। स्व श्री



पाटीदार मंदसौर नगर पालिका के वार्ड क्र 39 की पार्षद भारती पाटीदार के पिता और भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश कोषाध्यक्ष धीरज पाटीदार के ससुर जी थे। पाटीदार के तीन संतान हैं और तीनों पुत्रियां हैं, पिता स्व. श्री ओम प्रकाश पाटीदार को मुखाग्नि उनकी बड़ी बेटी भारती पाटीदार ने अन्य परिजनों के साथ दी। ओम प्रकाश पाटीदार अपने जीवन काल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के लिए सेवा और समर्पण भाव से कार्य किया। ग्रामीण क्षेत्रों में सरस्वती शिशु मंदिर के संचालन में आपकी महत्वपूर्ण भूमिका रही, तथा आप ग्राम भारती में सचिव के पद पर रहे।

मदर्स मास्टरशेफ प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भानपुरा/ मंदसौर

क्षेत्र की शिक्षण संस्था श्रीमती कमला सकलेचा ज्ञान मंदिर विद्यालय में -- हो मोमस मास्टरशेफ-- प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें कई महिला अभिभावकों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में कई प्रकार के व्यंजन बनाकर उन्हें प्रस्तुत करने के तरीके दिखाए जाते हैं। साथ ही उनके टेस्ट को भी चेक किया जाता है। कार्यक्रम के प्रारंभ में मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करके विद्यालय की प्राचार्य डॉ अर्चना सिंह ने सभी अभिभावकों का स्वागत किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार की रचनात्मक गतिविधियों से अभिभावकों में एक नए उत्साह का संचयन होता है। साथ ही नई पीढ़ी के लिए भी यह प्रेरणादायक है। कार्यक्रम में गरोठ, भानपुरा, गांधी सागर लोटखेड़ी रोड से कई महिलाओं ने भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से निमिषा वाधवा, नैंसी कला, मेघा जैन, सरिता माल, वैशाली कसेरा, निधि कसेरा, सुमन कसेरा, रीना



कसेरा, ममता शर्मा, ज्योति कसानिया, नेहा खान, सोनल विजयवर्गीय, नादिरा शाहीन, शाइना, नमीरा बी, शाइना बी अंसारी भानपुरा तथा दीपिका अग्रवाल, टीनू अग्रवाल, लकी अग्रवाल, प्रीति गोयल, संगीता धनोतिया गरोठ आदि ने प्रतियोगिता में भाग लिया। इसमें विस्करा क्वींस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में प्राचार्य, मैडम अग्रवाल एवं विद्यालय के मेस इंचार्ज राकेश माहेश्वरी निर्णायक के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम के आयोजन में विद्यालय की शिक्षिका रीता भट्ट, निकिता भाना एवं ममता व्यास द्वारा सराहनीय योगदान दिया। विद्यालय के पीआरओ अशोक व्यास ने बताया कि विद्यालय आगामी 21 अक्टूबर से चैती महोत्सव का आयोजन कर रहा है जिसमें कई देश-विदेश के ख्याति प्राप्त प्रशिक्षक आएंगे। इसमें भी महिला अभिभावकों के लिए विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति के लिए एक दिन सुनिश्चित किया जा रहा है। अतः सभी अभिभावकों को पूरे उत्साह के साथ इसमें भाग लेना चाहिए। आयोजन पर विद्यालय की चेयरपर्सन नीति मोदी, सचिव प्रतिभा सकलेचा तथा संस्था प्रमुख शरद सकलेचा ने सभी अभिभावकों, एवं शिक्षक शिक्षिकाओं को बधाई प्रेषित की है।

हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में जागरूकता रैली निकाली गई

हिन्दी को राष्ट्रभाषा का सम्मान दिलाने प्रयासों की आवश्यकता

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

म.प्र. हिंदी साहित्य सम्मेलन की जिला इकाई के तत्वावधान में 14 सितंबर हिन्दी दिवस के अवसर पर प्रति वर्षानुसार सरदार पटेल चौराहा से भारत माता चौराहा तक हिंदी जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में नगर की विभिन्न साहित्यिक संस्थाओं के प्रतिनिधि गण स्कूली विद्यार्थी, शिक्षाविद, समाजसेवी, हिन्दी प्रेमी सम्मिलित हुए। सभी अपने हाथों में हिन्दी सम्मान के नारों की पट्टियां लिये ओर उदघोष करते चल रहे थे। सरदार पटेल चौराहा से आरंभ होकर रैली जिला चिकित्सालय के सामने से गांधी चौराहा नेहरू बस स्टैंड होकर भारत माता चौराहा पहुंची जहां एक नुक्कड़ सभा का आयोजन हुआ।

शिक्षाविद् रमेश चंद्र चंद्रे ने संबोधित करते हुए कहा कि सन 1920 में महात्मा गांधी ने कांग्रेस के अधिवेशन में कहा था कि जिस राष्ट्र की कोई भाषा नहीं होती वह



राष्ट्र गूंगा होता है।आज भी हिंदी को राष्ट्रभाषा का सम्मान मिलना बाकी है। इस दिशा में ईमानदार प्रयासों की आवश्यकता है। हिंदी की बात करने वाले ही अपने बच्चों को अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों में पढ़ाते हैं। जब तक हम हिन्दी को दिनचर्या में नहीं उतारेंगे तब तक वास्तविक सम्मान नहीं दिला सकते। समाजसेवी डॉ देवेंद्र पुराणिक ने कहा कि हिंदी के प्रति जागरूकता तो है किंतु समर्पण की अभी भी कमी है। बड़े दुर्भाग्य की बात है कि लोग हिंदी का उपहास करते हैं। वरिष्ठ पत्रकार डॉ. घनश्याम बटवाल ने कहा कि हिंदी हमारे देश की पहचान है और स्वाभिमान का प्रतीक है हमें केवल बातों में ही नहीं आचरण में भी हिंदी आत्मसात करना चाहिए।

म. प्र. हिंदी साहित्य सम्मेलन की जिला इकाई के अध्यक्ष वेद मिश्रा ने कहा कि तकनीक के साथ हिंदी का भी विस्तार हो रहा है ए आई तकनीक ने हिंदी को व्यापक किया है। कंप्यूटर आया तब लग रहा था कि हिंदी का युग खत्म हो गया लेकिन हिंदी की शक्ति और बड़ी है। हाल ही में जो ब्रिक्स का सम्मेलन हुआ उसमें अंग्रेजी भाषा का उपयोग किसी भी राष्ट्र अध्यक्ष ने नहीं किया। हिंदी साहित्य सम्मेलन प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य वरिष्ठ पत्रकार ब्रजेश जोशी ने कहा कि हमें भारत में ही हिन्दी के सम्मान और स्वाभिमान के लिए संघर्ष करना पड़ता है यह विसंगति पूर्ण बात है।भारत का पर्याय है हिंदी। भाषा की आत्मा के स्वर है हिंदी। दक्षिण भारत में केवल राजनेतिक कारणों से हिंदी का विरोध होता है। जबकि दक्षिण भारत के लोगों को भी अपने व्यवसाय के विस्तार और स्वयं की पहचान प्रसिद्धि बढ़ाने के लिए हिंदी का ही सहारा लेना पड़ता है। साहित्य परिषद के सचिव नंदकिशोर राठौर ने हिंदी के सम्मान में काव्य पाठ किया हिंदी मुकुट है भारत का। वरिष्ठ कवि राजेंद्र तिवारी ने कहा कि जिस प्रकार राष्ट्रगीत राष्ट्रगान और राष्ट्र ध्वज होता है उसी प्रकार राष्ट्रभाषा भी हिंदी होनी चाहिए।

26 को मनाया जाएगा जगतगुरु रामदयाल जी महाराज का 70वां जन्मोत्सवः सेठिया

जांगड़ा पोरवाल समाज ट्रस्ट की बैठक संपन्न

मंदसौर। जांगड़ा पोरवाल समाज न्यास मंदसौर के ट्रस्टीगणों की एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार को पोरवाल छात्रावास, रामटेकरी पर ट्रस्ट अध्यक्ष रमेशचंद्र सेठिया की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न विषयों के साथ आगामी परिचय सम्मेलन एवं जगद्गुरु स्वामी रामदयाल जी महाराज के 70वें जन्मोत्सव को लेकर प्रस्ताव ट्रस्ट सचिव जगदीश काला द्वारा बैठक मे रखा गया जिस पर विस्तृत चर्चा की गई।



बैठक में सदन द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि समाज का 16वां परिचय सम्मेलन 27 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन की तैयारियों एवं आयोजन को लेकर भी आवश्यक चर्चा की गई। इसके साथ ही जगद्गुरु स्वामी रामदयाल जी महाराज का जन्मोत्सव 26 सितंबर को मनाने का निर्णय लिया गया। जन्मोत्सव के अवसर पर सांस्कृतिक संध्या एवं संतजनों का सम्मान और आशीर्वचन का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम 26 सितंबर शनिवार को शाम 7 बजे से पोरवाल छात्रावास, रामटेकरी मन्दसौर पर आयोजित होगा। बैठक में ट्रस्टीगण महानुभावो ने आयोजन को सफल बनाने के लिए सक्रिय सहभागिता एवं आवश्यक तैयारियों पर भी विचार-विमर्श किया। बैठक में ट्रस्टीगण जगदीशचंद्र सेठिया, सुरेन्द्र फरक्या, बालाराम गुप्ता, जगदीशचंद्र चौधरी, रामनिवास धनोतिया, लक्ष्मी नारायण कोठारी, उपाध्यक्ष रामगोपाल गुप्ता, कोषाध्यक्ष रामगोपाल महाजन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओमप्रकाश रत्नावत, दिलीप मजावदिया आदि उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलेगा अभियान



सीहोर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले सेवा संकल्प अभियान की तैयारियों को लेकर इछावर में राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में मंत्री श्री वर्मा ने इछावर विकासखंड में अभियान की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने अभियान के अंतर्गत आयोजित होने वाली विभिन्न गतिविधियों, विभागीय तैयारियों तथा आमजन की सहभागिता से संबंधित व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए सेवा संकल्प अभियान को प्रभावी एवं सफल बनाने तथा शासन की योजनाओं और सेवाओं का लाभ अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के निर्देश दिए। बैठक में इछावर एसडीएम स्वाति मिश्रा, जनपद पंचायत सीईओ रूशाली पोरष सहित सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। मंत्री श्री वर्मा ने अधिकारियों से कहा कि अभियान के दौरान सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित की जाएं और जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा किया जाए।

श्रद्धालुओं ने किए फूलेरा के दर्शन

सीहोर। जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर और कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में इन दिनों गणेश उत्सव और हरतालिका तीज का पर्व श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। सोमवार को हरतालिका तीज के पावन अवसर पर कुबेरेश्वरधाम में हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। धाम परिसर में दो क्विंटल से अधिक फूलों से आकर्षक फूलेरा सजाया गया, जिसके दर्शन के लिए दिनभर श्रद्धालुओं का पहुंचना जारी रहा। महिला श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन कर भगवान शिव और माता पार्वती की आराधना की। इस अवसर पर काशी से पधारे संत देवगिरी एवं पंडित अर्जुन शास्त्री का विठलेश सेवा समिति की ओर से विशेष स्वागत एवं सम्मान किया गया। समिति की ओर से पंडित विनय मिश्रा, पंडित समीर शुक्ला एवं कथा वाचक पंडित राघव मिश्रा सहित अन्य संतों एवं पदाधिकारियों ने काशी से आए संतों का पुष्पमाला एवं अंगवस्त्र से सम्मान किया। हरतालिका तीज के अवसर पर सुबह से ही श्रद्धालु कुबेरेश्वरधाम पहुंचने लगे थे। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव को श्रद्धा के साथ एक लोटा जल अर्पित कर अभिषेक किया। इसके बाद मंदिर में विराजमान भगवान शिव-माता पार्वती, भगवान राम-माता सीता और भगवान श्रीकृष्ण-राधा के दर्शन किए। फूलेरा के दर्शन के लिए भी श्रद्धालुओं में खासा उत्साह रहा। दो क्विंटल से अधिक फूलों से तैयार किए गए फूलेरे को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालुओं ने यहां भजन-कीर्तन की प्रस्तुतियां दीं। पूरे परिसर में भगवान शिव के जयकारों और भक्ति गीतों से वातावरण भक्तिमय बना रहा।

दस दिवसीय गणेश उत्सव शुरू, नगर में 200 से अधिक जगह विराजे गणपति बप्पा, गूंजे जयकारे

बारिश में भीगते हुए किया बप्पा का स्वागत, नगर में गूंजा गणपति बप्पा मोरया, घर-घर भी विराजे विघ्नहर्ता गणेश





सोमवार को गणेश चतुर्थी के साथ 10 दिवसीय गणेशोत्सव शुरू हो गया। शहर में 20 बड़े और 180 से ज्यादा छोटे पंडालों समेत 200 से अधिक जगहों पर प्रतिमाएं स्थापित की गईं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

सोमवार को सिद्धि विनायक भगवान श्री गणेश के जन्मोत्सव गणेश चतुर्थी के साथ ही नगर में 10 दिवसीय गणेश महोत्सव का शुभारंभ हो गया। ढोल-नगाड़ों की थाप और गणपति बप्पा मोरया के जयघोष से पूरा शहर भक्तिमय हो उठा। रुक-रुक कर हो रही बारिश के बीच भी भक्तों के उत्साह में कोई कमी नहीं दिखी। इस बार नगर में रिकॉर्ड 200 से अधिक स्थानों पर गणपति बप्पा विराजे हैं, जिसमें 20 भव्य और आकर्षक बड़े पंडाल और 180 से ज्यादा छोटे पंडाल शामिल हैं। महोत्सव में प्रतिदिन भजन-कीर्तन, सुंदरकांड और महाप्रसादी वितरण का आयोजन किया जाएगा।

सुबह से ही बाजारों में उमड़ी भीड़

सुबहसे ही लोग मूर्तिकारों के यहां अपनी बुक की हुई प्रतिमाएं लेने पहुंचने लगे थे। दोपहर करीब 12 बजे लगभग आधे घंटे तक तेज मूसलाधार बारिश हुई, जिससे प्रतिमाओं को ले जाने में थोड़ी परेशानी जरूर हुई, लेकिन आस्था भारी पड़ी। लोग सिर पर, हाथों में, टेंपो और ट्रैक्टर-ट्रॉली में भगवान को जयकारों के साथ लेकर आए। मूर्तिकारों ने पहले से ही तिरपाल, प्लास्टिक और पन्नी से प्रतिमाओं को ढकने के पूरे इंतजाम कर रखे थे, ताकि रंग खराब न हो।

बड़े पंडालों में आकर्षक झांकियां और लाइटिंग मोहेगी लोगों का मन

इस बार बड़े पंडालों में विशेष थीम पर सजावट की गई है। कहीं केदारनाथ धाम तो कहीं अयोध्या राम मंदिर की झलक पंडालों में देखने को मिल रही है। बारिश को देखते हुए सभी बड़े पंडालों को वाटरप्रूफ बनाया गया है और प्रतिमाओं के चारों ओर प्लास्टिक की पन्नी से सुरक्षा कवच बनाया है।

नगर के प्रमुख आकर्षण के केंद्र

बस स्टैंड चौराहा का राजा, गाड़ीपुरा के गणेश, अलीपुर का महाराजा, मयूर कॉलोनी, बायपास का विशाल पंडाल, बड़ा बाजार, सब्जी मंडी, बुधवारा रोड, शास्त्री कॉलोनी, इंदिरा कॉलोनी और कन्नौद रोड पर स्थापित झांकियां इस बार मुख्य आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं।

10 दिन तक चलेगा उत्सव, सुरक्षा के किए गए कड़े इंतजाम

10 दिनों तक चलने वाले इस महोत्सव में प्रतिदिन सुबह-शाम महाआरती, भजन-कीर्तन, सुंदरकांड और महाप्रसादी वितरण का आयोजन किया जाएगा। अनंत चतुर्दशी पर भव्य विसर्जन यात्रा निकाली जाएगी। पुलिस प्रशासन ने भी सभी पंडालों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं और सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जा रही है।


नगर के प्राचीन खेड़ापति मंदिर पर हुई प्राण-प्रतिष्ठा



नगर के प्राचीन खेड़ापति मंदिर कमल तालाब पर भगवान गणेश का प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव सोमवार श्री गणेश जन्मोत्सव दिवस पर धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। विप्रजनों ने विधि विधान से मंदिर में मंत्रोच्चार के साथ श्री गणेश जी की प्राण-प्रतिष्ठा का कार्यक्रम गणेश किशन सोनी आशीष सोनी, दिनेश डाबी आदि सपत्नीक अनुष्ठान के लाभार्थी रहे इस दौरान संपूर्ण वैदिकपूजन पूर्णाहुति का कार्य संपन्न हुआ। प्राण -प्रतिष्ठा के तहत मंदिर परिसर की फूलों से आकर्षक सजावट की गई थी। विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान, पूर्णाहुति व देव प्रतिमा की प्रतिष्ठा नगपुरोहित पं मयूर पाठक, पं मनीष पाठक, पं डॉ दीपेश पाठक के मार्गदर्शन में विधि विधान से पूर्ण की गई। भगवान का श्रृंगार व अन्य व्यवस्था मंदिर सेवक महेश गिरी,शुभम गिरी, सौरभ गिरी,सुश्री वंशिका द्वारा पूरा किया गया स्थापना के बाद मंदिर भगवान के जयकारों से गूंज उठा। तत्पश्चात दोपहर 12 बजे श्रीगणेश की जन्म की महाआरती हुई। प्राण-प्रतिष्ठा के बाद प्रसाद का वितरण किया गया।इस अवसर बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित रहे।

दिवंगत रामचंद्र मालवीय को विधायक ने दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



जावर के ग्राम हाजीपुर निवासी एवं बैंक प्रबंधक रामचंद्र मालवीय के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है। उनके निधन की खबर से परिवार, रिश्तेदारों और परिचितों में गहरा दुख व्याप्त है। इसी बीच विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर अंबिका नगर में उनके निवास पहुंचे और दिवंगत रामचंद्र मालवीय के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। विधायक ने शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं और दुःख की इस घड़ी में परिवार को ढांढस बंधाते हुए हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

ज्ञात हो कि 25 अगस्त को पत्रकार रायसिंह मालवीय के बड़े भाई रामचंद्र मालवीय का इंदौर के एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान निधन हो गया था। उनके निधन से परिवार ने एक महत्वपूर्ण सदस्य खो दिया है, वहीं क्षेत्र ने भी एक मिलनसार और जिम्मेदार व्यक्तित्व को खो दिया। इस अवसर पर विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने कहा कि रामचंद्र मालवीय का निधन परिवार के साथ-साथ समाज के लिए भी अपूरणीय क्षति है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और शोक संतप्त परिवार को इस कठिन समय में दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें। श्रद्धांजलि के दौरान उपस्थित लोगों ने भी दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और मालवीय परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं।

आराधना करने का श्रेष्ठ अवसर है पयुर्षण महापर्व : साध्वी



जावर। महिदपुर रोड पर्यूषण महापर्व के सप्तम दिवस नगर में चातुर्मास हेतु विराजित साध्वी डॉ अमृतरसा श्रीजी आदि ठाणा ने रविवार को उपस्थित धर्म सभा को संबोधित करते हुए कहा कि महापर्व के आठ दिन एवं पर्व तिथियां मानव मात्र के लिए आराधना करने काश्रेष्ठ अवसर है। अतः महापर्व के दिनों में सभी को धर्म आराधना करने के लिए तत्पर रहना चाहिए क्योंकि महापर्व के दिनों में अगर थोड़ी सी भी धर्म आराधना की जाए तो वह बहुत अधिक फलदाई होती है जैन समाज मीडिया प्रभारी सचिन भंडारी ने बताया कि आज की स्नात्र पुजा अंगरचना प्रभावना का लाभ पारसमल अनोखी लाल भंडारी परिवार खारवा वाला एवं प्रवचन प्रभावना का लाभ अशोक कुमार ,हिमांशु कोचर परिवार एवं प्रकाश चंद मोदी परिवार जावरा द्वारा लिया गया संपूर्ण आयोजन में सकल जैन श्री संघ ने उपस्थित होकर धर्म लाभ प्राप्त किया।

राज्यस्तरीय शालेय वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में माही को मिला गोल्ड मेडल

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



जिला सीहोर आवासीय खेल कूद विद्यालय में राज्यस्तरीय शालेय वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता संपन्न हुई। इस प्रतियोगिता में माही को गोल्ड मेडल प्राप्त हुआ। आष्टा खेल अकादमी के सचिव एवं माही के कोच अशोक साहू ने बताया कि माही कई दिनों से कड़ा अभ्यास कर रही थी। उसी का यह परिणाम है। उसका चयन राष्ट्रीय स्तर पर मणिपुर के लिए हुआ है। आष्टा खेल अकादमी से 25 विद्यार्थियों का मध्य प्रदेश पुलिस एवं सेना में चयन हो चुका है। संस्था से कई खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तरों की प्रतियोगिता में भाग लिया है एवं पुरस्कार भी प्राप्त हुए। आष्टा खेल अकादमी के संरक्षक सुधीर पाठक अध्यक्ष राय सिंह मेवाड़ा उमेश शर्मा सतीश रावत पुष्पेंद्र मालू सुरेश कुशवाहा चंदर परमार दीपक मालवीय अशोक मालवी गोलू कुशवाहा बंटी कंडारे प्रवीण किलोदिया दिनेश सोनी प्रमोद शर्मा आदि लोगों ने बधाइयां दीं।

'धर्म का शॉर्टकट' हास्य नाटिका का किया मंचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



पर्युषण पर्व के पावन अवसर पर जैन श्वेतांबर सोशल ग्रुप, आष्टा द्वारा 'धर्म का शॉर्टकट' हास्य नाटिका का नजरगंज उपाश्रय में मंचन किया गया। नाटिका की सूत्रधार डॉ. दीपा सुराणा ने बताया कि आज के तकनीक-भरे युग में विज्ञान ने अत्यधिक प्रगति की है, किंतु तकनीक के बलबूते पर वास्तविक धर्म नहीं किया जा सकता।

वास्तविक धर्म तो मूल सिद्धांतों को अपने जीवन में उतारकर तथा उन्हें आचरण में अपनाकर ही किया जा सकता है।नाटिका में ग्रुप के सदस्यों पवन सुराणा, रीना सुराणा, यश श्रीश्रीमाल, अमरदीप कोचर, जया वोहरा, अभिषेक सुराणा, ध्वज चोरड़िया, प्रिया श्रीश्रीमाल सहित अन्य सदस्यों ने विभिन्न पात्रों का जीवंत एवं प्रभावशाली अभिनय किया। नाटिका के माध्यम से हास्य और मनोरंजन के साथ दर्शकों को महत्वपूर्ण संदेश दिया गया कि 'धर्म का कोई शॉर्टकट नहीं होता। धर्म केवल दिखावे या बातों से नहीं, बल्कि आचरण और व्यवहार से होता है।' कलाकारों की शानदार प्रस्तुति ने उपस्थित दर्शकों को खूब प्रभावित किया और सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। भजन तंबोला ने बांधा समांहास्य नाटिका के साथ भजन तंबोला का भी आयोजन किया गया। भजन गायक विनोद वोहरा एवं तरुण चतरमुथा ने भजनों की सुमधुर प्रस्तुति देकर पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। उपस्थित सदस्यों ने भजनों का आनंद लेते हुए उत्साहपूर्वक भजन तंबोला में सहभागिता की।

भजन तंबोला में विभिन्न राउंड के दौरान विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार वितरित किए गए। भक्ति, मनोरंजन और उत्साह से भरपूर इस आयोजन ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्रुप के सभी सदस्यों के सहयोग की सराहना करते हुए ग्रुप अध्यक्ष अक्षय सलोनी चतरमुथा ने सभी सदस्यों, कलाकारों एवं सहयोगियों का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सदस्यों के सामूहिक प्रयास और उत्साह से ही ऐसे धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन सफल होते हैं।

इंदौर में होने वाले कार्यक्रम की तैयारी को लेकर कांग्रेस की बैठक संपन्न

छात्रों की गूंज कार्यक्रम को लेकर कार्यकर्ताओं ने की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



आगामी दिनों में इंदौर में आयोजित होने वाले कांग्रेस नेता राहुल गांधी के छात्रों की गूँज कार्यक्रम की तैयारी को लेकर आष्टा में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पूर्व मंत्री सी डब्ल्यू सी मेम्बर कमलेश्वर पटेल ने की। बैठक में आष्टा विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस पदाधिकारी, एनएसयुआई, युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता एवं छात्र प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बैठक में श्री पटेल ने कहा कि राहुल गांधी हमेशा छात्रों, युवाओं और देश के भविष्य की आवाज को बुलंद करते रहे हैं। छात्रों की गूँज केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि छात्रों के अधिकार, शिक्षा, रोजगार और लोकतंत्र को बचाने का आंदोलन है।

आष्टा से अधिक से अधिक छात्र और युवा इस कार्यक्रम में शामिल होकर अपनी आवाज राहुल गांधी तक पहुंचाएंगे। बैठक में इंदौर चलने के लिए वाहन व्यवस्था, छात्र संपर्क अभियान, सोशल मीडिया प्रचार और रजिस्ट्रेशन को लेकर रणनीति तय की गई। सभी ब्लॉक अध्यक्षों और एनएसयुआई कार्यकर्ताओं को अपने-अपने क्षेत्र में छात्रों से संपर्क कर अधिक से अधिक संख्या में इंदौर पहुंचने की जिम्मेदारी सौंपी गई। कार्यक्रम को जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजरती ने संबोधित करते हुए कहा कि आज देश के युवाओं की आवाज राहुल गांधी उठा रहे हैं। हम सब मजबूती के साथ राहुल जी के कार्यकम में पहुंचकर सफल बनाएगे इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष, एनएसयुआई जिलाध्यक्ष सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे उपरोक्त अवसर पर महेश मूँदीखेड़ी ब्लॉक अध्यक्ष ग्रामीण, ज़ाहिद गुड्डू नगर अध्यक्ष, धर्मेंद्र मेमदखेदी ब्लॉक अध्यक्ष आष्टा, कैलाश परमार, गुलाब बाई ठाकुर, जितेंद्र सोभाखेड़ी, रमेश मेवाड़ा, सुनील कटारा, कमल चौहान, अरविंद मेवाड़ा, जगदीश चौहान, तोसिफ बाबा, मनोहर पंडितिया, सनावर ख़ान, रसीद नेता, प्रेम पटरिया, फ़ैज़ उद्दीन, घनश्याम जांगड़ा, राजकुमार मालवीय,कमल मेवाड़ा, सानू भाई, देवराज परमार, चंदर ठाकुर, बनप पटेल, तेज सिंह जवारिया, संदीप हाजीपुर,मुकेश पांचाल, राकेश जवारिया, अखलेश बाबू राजपूत, महेश पटेल, महेश मेवाडा, अरविंद परमार, गोरे मियां, हरेंद्र नोगांव ,लोकेंद्र बिलपन, अजय ठाकुर,प्रदीप भाटी, आशिक मंसूरी, राजकुमार नोगाँव, विजय मालवीय,यशवंत मालवीय, रिंकु नामदेव, हरि मेवाड़, पुष्पराज जादोन, टोनी कोठारी, रामचरण दावरीय, बंसीलाल बम्बे, देवेंद्र परमार, अंसार अली, सतीश मेवाड़, साहिद टेलर, मकसूद खान, देवराज मालवीय, तेज सिंह मेवाड़ा, देवेंद्र दुपडीय, राजाराम मुकेश काजीखेड़ी आदि कांग्रेसजन उपस्थित थे।

भगवान महावीर के जन्म वाचन समारोह में शामिल हुए विधायक



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

श्री श्वेताम्बर जैन समाज के चल रहे पर्वाधिराज पर्यूषण महापर्व के पांचवें दिन शनिवार को भगवान महावीर स्वामी का जन्म वाचन समारोह आष्टा नगर के चार प्रमुख जैन धर्मस्थलों पर पन्यास प्रवर यशोजीत विजय महाराज साहब आदि ठाना 3 की शुभ निश्रा में मनाया गया। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर भगवान महावीर स्वामी के जन्म वाचन समारोह में शामिल होने कन्नौद रोड स्तिथ श्री सीमंधर जिनदत्त धाम दादाबाड़ी पहुंचे। जहां पर भगवान के दर्शन किये,यहा विराजे संतो को वंदन कर आशीर्वाद लिया।